प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 11.09.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- गरियाबंद जिले के मैनपुर इलाके में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दस माओवादियों के मारे जाने की खबर—मरने वालों में एक करोड़ रूपये का इनामी नक्सली कमांडर भी शामिल।
- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने छब्बीस माओवादियों को गिरफ्तार किया—नारायणपुर जिले में सोलह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण—वहीं, दंतेवाड़ा जिले में आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के दो जवान घायल।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट का किया शुभारंभ—इन्वेस्टर कनेक्ट में बावन हजार करोड़ रूपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- रायगढ़ जिले के खरसिया इलाके के एक गांव में एक घर से एक ही परिवार के चार लोगों के शव पुलिस ने किए बरामद।

**गरियाबंद—नक्सली मुठभेड़**

गरियाबंद जिले के मैनपुर इलाके में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इन नक्सलियों में माओवादी संगठन के कमांडर मनोज उर्फ बालकृष्ण उर्फ भास्कर के भी मारे जाने की सूचना मिल रही है। इस माओवादी पर करीब एक करोड़ रूपये का इनाम घोषित था। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद ई—थर्टी, स्पेशल टास्क फोर्स और कोबरा बटालियन के जवानों का संयुक्त दल

मैनपुर के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद इस इलाके में माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। आज सुबह से सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रूक–रूककर मुठभेड़ जारी है। यह मुठभेड़ मुख्य रूप से भालूडिग्गी–मटाल के जंगलों में हो रही है। घटनास्थल से सुरक्षा बलों ने करीब आधा दर्जन ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस घटना पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मुठभेड़ के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## जवान घायल

इस बीच, दंतेवाड़ा जिले में आज सुबह आईईडी की चपेट में आने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के दो जवान – दीवान सिंह गुर्जर और आलम मुनेश घायल हो गए। जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि ये जवान सुरक्षा बलों के साथ मालेवाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत सातधार और मालेवाही के बीच तलाशी अभियान पर निकले थे। इसी दौरान सातधार पुल के पास माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए।

उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है।

## माओवादी आत्मसमर्पण–गिरफ्तार

वहीं, बीजापुर जिले में अलग–अलग थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने छब्बीस माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से छह माओवादियों पर करीब तेरह लाख रूपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तार माओवादियों के पास से

विस्फोटक और प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है। इन माओवादियों को गंगालूर, भैरमगढ़, आवापल्ली, उसूर और तर्रेम थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से आईईडी, कुकर और टिफिन बम जैसे विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

इस बीच, नारायणपुर जिले में सोलह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें जनताना सरकार सदस्य, पंचायत मिलिशिया डिप्टी कमांडर, पंचायत सरकार सदस्य, पंचायत मिलिशिया सदस्य और न्याय शाखा अध्यक्ष शामिल हैं। इन माओवादियों ने जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास रूपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**<u>छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर कनेक्ट में बावन हजार करोड़ रूपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में अब तक नौ सौ सड़सठ करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिससे इक्कीस सौ से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इन्वेस्टर कनेक्ट को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में चौंतीस उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए विशेष अनुदान की घोषणा की गई। यदि वे उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, तो

उन्हें अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। पर्यटन, कृषि–बागवानी, इलेक्ट्रॉनिक और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में निवेश करने पर भी विशेष अनुदान और छह वर्षों तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**<u>भाजपा–सेवा पखवाड़ा</u>**

भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सत्रह सितबर से देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। इस संबंध में आज दुर्ग में भारतीय जनता युवा मोर्चा की संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बताया कि भाजयुमो द्वारा इक्कीस सितंबर को नमो युवा रन का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय और सांसद संतोष पांडेय के अलावा बड़ी संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

**<u>राज्यपाल–संगोष्ठी</u>**

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर में स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी केंद्र की शाखा रायपुर द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए। आज ही के दिन वर्ष अट्ठारह सौ तिरानवे में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने ऐतिहासिक वक्तव्य के माध्यम से भारत की संस्कृति और परंपरा को दुनिया के समक्ष रखा था।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की महान संस्कृति और आध्यात्म को संसार के सामने प्रस्तुत किया और विश्व को यह संदेश दिया की मानवता से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

**गजेन्द्र यादव–जीएसटी प्रेसवार्ता**

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में किए गए सुधारों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा आज कवर्धा में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जीएसटी में किए गए सुधार आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आयकर में छूट के बाद आयकरदाताओं की संख्या बढ़ेगी।

**रायगढ़–हत्या**

रायगढ़ जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। यह घटना खरसिया तहसील के पास स्थित ठुसेकेला गांव के राजीव नगर की है। एक बंद घर से बदबू आने के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर पाया कि इस घर में रहने वाले चार लोगों के शवों को एक कमरे के भीतर जमीन में दफनाया गया है। इनमें पति–पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। इसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है।

## मौसम

रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर कल शाम डॉप्लर वीएचएफ एयर सिस्टम पर आकाशीय बिजली गिरने के बाद विमानतल से आने–जाने वाली उड़ानों पर प्रभाव पड़ा। यह उपकरण विमानों को दिशा बताने के साथ ही सुरक्षित लैंडिंग करने में मदद करता है। कल शाम रायपुर पहुंचने वाली पांच उड़ानों को डायवर्ट किया गया। विमानतल के अधिकारियों द्वारा सतत् प्रयास के बाद आज दोपहर सिस्टम को सुधार लिया गया है और उड़ानें बहाल हो गई हैं।

इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री ने बताया कि प्रदेश के कुछ जिलों में आकाशीय बिजली गिर सकती है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के बाद प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी।

## कुछ समाचार संक्षेप में ...

- राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने कस्टम मिलिंग घोटाले के संबंध में दीपेन चावड़ा को गिरफ्तार किया है। इसे अदालत में पेश किया गया, जहां से इसे सात दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दीपेन चावड़ा पर लोक सेवकों की ओर से बीस करोड़ रूपये की राशि जमा करने का आरोप है।

- प्रदेश के ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में चौबीस चिकित्सा अधिकारियों और एक विशेषज्ञ चिकित्सक की संविदा नियुक्ति की गई है।

- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आगामी तेरह सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

- वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज रायपुर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार–प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरों और गांवों में जाकर लोगों को योजना की जानकारी देगा और इसके लाभों से अवगत कराएगा।

- श्रीरामलला अयोध्याधाम दर्शन योजना के तहत रायपुर संभाग से आठ सौ पचास तीर्थयात्रियों का जत्था विशेष ट्रेन से अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ।

**संक्षिप्त समाचार**

- दुर्ग जिले में ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस ने लगभग पच्चीस लाख रूपये कीमत की दो सौ छियालीस ग्राम हेरोइन बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

- महासमुंद जिला प्रशासन द्वारा शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल बारह सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>